प्रेस नोट

माननीय पशुपालन मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा ने आज देहरादून में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम (NADCP) योजनान्तर्गत वृहद खुरपका मुंहपका टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक एवं माननीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी द्वारा की गयी। कार्यक्रम का आयोजन रायपुर विकासखण्ड में शेरकी के पंचायतघर प्रांगन में किया गया। कार्यक्रम में विकासखण्ड के पशुपालकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में श्री शमशेर सिंह पुंडीर जिलाध्यक्ष भाजपा, इतवार सिंह रमोला, ज्येष्ठ प्रमुख रायपुर, वीरसिंह चौहान सदस्य जिला पंचायत, श्री राजपाल कनिष्ट प्रमुख रायपुर, ग्राम प्रधान शेरकी श्री दिनेश एवं अन्य जनप्रतिनिधियों मौजूद रहे।

कार्यक्रम में निदेशक पशुपालन डॉ. प्रेम कुमार, अपर निदेशक मुख्यालय डॉ. लोकेश कुमार, मुख्य अधिशासी अधिकारी USWDB डॉ. अविनाश आनंद, संयुक्त निदेशक डॉ. नीरज सिंघल, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी देहरादून डॉ. विद्यासागर कापड़ी, उप- मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी देहरादून डॉ अनुज डिमरी, डॉ. हरेन्द्र शर्मा, डॉ. शाहजहाँ, डॉ. दीप्ति अरोड़ा, कार्यक्रम के संयोजक पशुचिकित्सा अधिकारी रायपुर डॉ. मनीष पटेल, क्षेत्र प्रसार अधिकारी श्री जगमोहन नौटियाल, पशुधन प्रसार अधिकारी दीपिका अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. कैलाश उनियाल पशुचिकित्सा अधिकारी सदर देहरादून द्वारा किया गया।